భారతీయ సాంకేతిక విజ్ఞాన సంస్థ హైదరాబాద్
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद
Indian Institute of Technology Hyderabad
Kandi, Sangareddy, Telangana- 502 284.

विज्ञापन सं. आईआईटीएच/88/एमएस/पीआर/डीएमओ/02/2023

दिनांक : 09.03.2023

इस संस्थान में 11 महीने की अवधि के लिए तदर्थ आधार पर ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर के पूर्ण रूप से अस्थायी पद को भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1.	पद का नाम	ड्यूटी मेडिकल ऑफिसर
2.	पदों की संख्या	02 (परिवर्तनीय)
3.	नियुक्ति की प्रकृति और कार्यकाल	नियुक्ति पूर्ण रूप से 11 (ग्यारह) महीने की अवधि के लिए तदर्थ आधार पर अस्थायी होगी। संस्थान, हालांकि, कार्यकाल की समाप्ति के बाद व्यक्ति के संतोषजनक प्रदर्शन और आगे की शर्तों पर संस्थान की आवश्यकता के अनुसार उन्हें फिर से नियुक्त कर सकता है।
4.	उच्चतम आयु सीमा	साक्षात्कार की तिथि तक 45 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए ।
5.	आवश्यक अर्हताएँ	किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से कम से कम 55% अंकों के साथ एमबीबीएस डिग्री। उम्मीदवार को अनिवार्य इंटर्नशिप पूरी करनी चाहिए ।
6	अनुभव	किसी मान्यता प्राप्त अस्पताल में न्यूनतम 02 वर्ष
7.	समेकित वेतन	रु. 60,000/- प्रति माह जो वैधानिक कटौतियों के अधीन होगा, यदि कोई लागू हो ।
8.	आवेदन कैसे करें	पात्रता मानदंड को पूरा करने वाले इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे **इस संस्थान में आयोजित होने वाले साक्षात्कार में भाग लेने के लिए दि. 16.03.2023 को 02:00 बजे (02:00 PM) आएं।** उन्हें अपनी शैक्षिक योग्यता और अनुभव के समर्थन में अपने मूल प्रमाणपत्रों के साथ विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र साथ लाना होगा। साक्षात्कार स्थल/ **Venue: Hospital, IITH Kandi**, Sangareddy (Dist) Telangana- 502 284.
9.	चयन प्रक्रिया	उम्मीदवार का अंतिम चयन उसकी योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा।
10.	सामान्य नियम और शर्तें	जैसा कि नीचे बताया गया है।

उम्मीदवारों के लिए सामान्य निर्देश

1. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे साक्षात्कार के लिए **16.03.2023** को पूर्वाह्न 02:00 बजे (**02:00 PM**) IITH परिसर में पधारें I **Venue: Hospital, IITH Kandi**,Sangareddy (Dist) Telangana- 502 284.

2. नियुक्ति शुरू में 11 (ग्यारह) महीने की अवधि के लिए पूर्ण रूप से अस्थायी होगी।

3. **कार्य की प्रकृति** : साप्ताहिक अधिकतम 48 घंटे की ड्यूटी (शनिवार और रविवार/सार्वजनिक अवकाश पर सप्ताहांत की पाली के साथ दिन/रात की ड्यूटी)। चूंकि नियुक्ति कार्य के घंटों के आधार पर होगी, इसलिए पद पर कार्यरत व्यक्ति किसी भी प्रकार के अवकाश का हकदार नहीं होगा।

4. चयनित उम्मीदवार के लिए परिसर में किसी भी प्रकार का आवास प्रदान नहीं किया जाएगा। हालांकि, उन्हें संस्थान परिसर के आसपास रहना होगा ताकि किसी भी आपातकाल की स्थिति में वे 10-15 मिनट के भीतर परिसर में पहुंच सकें।

5. संस्थान के पास विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम से अधिक योग्यता, स्तर और अनुभव की प्रासंगिकता और अन्य शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर साक्षात्कार के लिए उम्मीदवारों की संख्या को एक उचित सीमा तक सीमित करने का अधिकार सुरक्षित है। संस्थान के पास बिना कोई कारण बताए किसी या सभी आवेदनों को अस्वीकार करने का अधिकार भी सुरक्षित है।

6. योग्यता/अनुभव आदि के मामले में उम्मीदवार की पात्रता साक्षात्कार की तिथि यानी 16.03.2023 को मानी जाएगी।

7. अंतरिम पत्राचार पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जाएगा और उसका उत्तर नहीं दिया जाएगा।

8. इस विज्ञापन में निर्धारित शैक्षिक योग्यता किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड/परिषद/विश्वविद्यालय/संस्थान से प्राप्त की हुई होनी चाहिए।

9. चयनित उम्मीदवार को पद का कार्यभार ग्रहण करने के समय आवेदन में दावा किए गए अनुसार अनुभव और शैक्षिक योग्यता के प्रमाण में अपने सभी मूल प्रमाण पत्र और आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा ।

10. उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने से पहले स्वयं की संतुष्टि कर लेनी चाहिए कि उनके पास विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम आवश्यक योग्यता, ज्ञान और अनुभव है।

11. साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों और चयनित उम्मीदवार को पद का कार्यभार ग्रहण करने के लिए कोई यात्रा भत्ता /मंहगाई भत्ते का भुगतान नहीं किया जाएगा।

12. संस्थान द्वारा चयनित उम्मीदवार को चिकित्सा आपातकाल के दौरान बाह्य रोगी उपचार के अलावा कोई अन्य चिकित्सा सुविधा प्रदान नहीं की जाएगी। संस्थान में उनकी नियुक्ति के दौरान उन्हें चिकित्सा व्यय की कोई प्रतिपूर्ति देय नहीं होगी।

हस्ता /-
कुलसचिव

భారతీయ సాంకేతిక విజ్ఞాన సంస్థ హైదరాబాద్
भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान हैदराबाद
Indian Institute of Technology Hyderabad
Kandi, Sangareddy, Telangana- 502 284.

Advertisement No. IITH/88/MS/PR/DMO/02/2023

Date: 09.03.2023

Applications are invited to fill up a purely temporary position of Duty Medical Officer on *ad hoc* basis at this Institute for a period of 11 months.

1.	Name of the position	Duty Medical Officer
2.	No. of Positions	02 (subject to change)
3.	Nature of appointment and tenure	The appointment shall be purely temporary on an *ad hoc* basis initially for a period of 11(Eleven) months. The Institute may, however, re-engage him/her after the expiry of the tenure subject to satisfactory performance of the individual and requirement of the Institute for further terms as deemed necessary.
4.	Upper Age limit	Not more than 45 years as on date of interview.
5.	Essential Qualifications required	MBBS with at least 55% marks from a recognized university. The candidate should have completed the compulsory internship.
6	Experience	Minimum 02 years in a recognized Hospital
7.	Consolidated pay	Rs.60,000/- per month which shall be subjected to statutory deductions, if any, applicable.
8.	How to apply	Interested candidates fulfilling the eligibility criteria are requested to **Walk in for the interview to be conducted at this Institute <u>at 02:00 PM on 16.03.2023</u>.** They should come with the attached application form duly filled together with their original certificates in support of their educational qualifications and experience. **<u>Venue: Hospital, IITH Kandi,Sangareddy</u>** (Dist) Telangana- 502 284.
9.	Selection Procedure	The final selection of the candidate will be done on the basis of his/her qualifications, experience and performance in the interview.
10.	General Terms & Conditions	As stated below.

General Instructions to candidates

1. Candidates are requested to just Walk-in to the IITH campus for the interview at **02:00 PM on 16.03.2023. Venue: Hospital, IITH Kandi**, Sangareddy (Dist) Telangana- 502 284.

2. The appointment shall be purely temporary initially for a period of 11 (eleven) months.

3. **Nature of Duties**: Weekly max.48 hours' duty (Day/Night duties along with weekend shifts on Saturday and Sundays/Public Holidays). As the engagement will be on an hourly basis, the incumbent of the post will not be entitled to any leave.

4. Campus residential accommodation will not be provided for the selected candidate. However, He /She will have to be residing in the vicinity of the Institute campus so as to be able to reach the campus within 10-15 minutes in case of any incident.

5. The Institute reserves the right to restrict the number of candidates for the interview to a reasonable limit on the basis of qualifications, level and relevance of experience higher than the minimum prescribed in the advertisement and other academic achievements. The Institute also reserves the right of rejecting any or all the applications without assigning any reasons therefore.

6. The eligibility of the candidate in terms of qualifications/ experience, etc. shall be considered as on the date of interview i.e. 16.03.2023.

7. Interim correspondence will not be entertained and replied to.

8. Educational qualifications prescribed in this advertisement must have been obtained from a recognized Board/Council/University/Institute.

9. The selected candidate will have to produce his/her Aadhaar Card and all his/her original certificates in proof of the educational qualifications and the experience claimed in the application at the time of joining the post.

10. Candidates should satisfy themselves before appearing for the Walk-in-Interview that they possess at least the minimum essential qualifications, knowledge and experience as laid down in the advertisement.

11. No TA/DA will be paid to the candidates appearing for the Walk-in-Interview and to the selected candidate to join the post.

12. No medical facilities except out-patient treatment during a medical emergency will be provided by the Institute to the selected candidate. No reimbursement of medical expenses will be admissible to him/her during his/her engagement at the Institute.

Sd/-
Registrar